दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### अस्पताल के पांचवें मंजिले से मरीज ने लगाई छलांग, मौत

**भिलाई (आरएनएस)।** पेट दर्द की शिकायत के बाद बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती एक मरीज ने आज सुबह पांचवे माले के बाथरूम से कूदकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची भिलाई नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल परिजनों व अन्य से पूछताछ की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। मिली जानकारी के मुताबिक बालोद निवासी 28 वर्षीय टेमन कोठारी को उसके परिजनों ने 19 नवंबर को सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया था। चार दिनों से अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। उसे अस्पताल के एच-5 वार्ड में रखा गया था। आज सुबह लगभग 7.30 से 8 बजे के बीच वह बाथरूम गया और उसके अंदर लगे खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में अस्पताल प्रबंधन ने भिलाई नगर पुलिस को सूचना दी। घटना से पूरा अस्पताल प्रबंधन सकते में है। मौके पर बीएसपी सेक्टर -9 अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य पहुंचे और घटना क्रम की जानकारी ली। इलाज के दौरान मरीज का इस प्रकार आत्महत्या करने का संभवतः सेक्टर-9 अस्पताल में पहला मामला है। इससे पहले कभी इस प्रकार की किसी घटना की जानकारी नहीं है। मामले में पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में अभी तक कारण ज्ञात नहीं हुआ है।

### इनाम का लालच देकर बुजुर्ग से ठगी

**इनाम में टाटा सफारी व नगदी मिलने का दिया झांसा**

**रायपुर (आरएनएस)।** ईनाम की लालच देकर बुजुर्ग से हजारों रुपयें ठगी करने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जय प्रकाश गोश्वामी 63पिता स्व.रामलाल गोश्वामी निवासी दुर्गापारा संतोषीनगर टिकरापारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 96859-97857 एवं 98530-56273मोबाइल नंबर से विश्वनाथ नायक ने फोन कर जानकारी दिया कि मेरी लडकी के नाम पर लिफाफा आया है उसे छुडवा लेने बात की,जब मैने मेन पोष्ट आफिस जाकर लिफाफा को 3हजार 2सौ रुपये देकर छुडवाया व लिफाफा के अंदर एक कूपन कार्ड एवं लक्ष्मी कुबेर धनवर्षा यंत्र रखा था कूपन को स्क्रेच करने पर उसमे टाटा सफारी वाहन कीमती 14 लाख 80 हजार रू दिखाई दिया। हेल्फ लाइन से सम्पर्क करने पर आरोपी ने मुझे अपनी ईनाम में फसे वाहन का नगद रकम प्राप्त करने के लिये आरोपी ने खाता में कुल 47हजार 6सौ रुपये शुल्क सहित जमा करवाया।

### युवती को धक्का देकर मोबाइल ले भागा स्कूटी सवार,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** पैदल जा रही युवती को स्कूटी सवार ने धक्का मारकर गिराया व मोबाइल लेकर फरार हो गया। युवती की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई रुवाबांधा जिला दुर्ग निवासी युवती स्वेता यादव 19 वर्ष पिता होरीलाल यादव ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह किसी काम से रायपुर कालीबाडी आई थी। पैदल कालीबाडी चौक से जा रही थी तभी स्कूटी सवार ने धक्का मारकर गिरा दिया व हाथ में रखे मोबाइल गिरते ही लेकर फरार हो गया। युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात ओरापी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में पुलिस ने लिया है।

# शहर के कई ज्वेलर्स दुकानों पर आयकर विभाग की छापा



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चुनाव खत्म होने के ठीक बाद आयकर की टीमों ने रायगढ़ की चार बड़ी फर्मों में छापामार कार्रवाई कर व्यापारियों में हड़कंप मचा दिया है। यह कार्रवाई तीन सराफा व्यवसायी व एक रोलिंग मिल व्यवसायी के यहां हुई है। विभाग की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। प्रदेश सहित जिले में चुनाव समाप्त हो गया है। ऐसे में अब विभिन्न विभागों के विभागीय कार्य भी गति पकडने लगी है। ऐसे में अब आयकर विभाग भी सक्रिय हो गया है। आयकर ऐसे लोगों को टारगेट कर रहा है, जिन पर कम आय बताकर टैक्स चोरी करने का संदेह है। इस बात को लेकर सर्वे अभियान भी शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार शहर के नेतराम लखीराम ज्वेलर्स व एनआर ज्वेलर्स के साथ राम भगत लक्ष्मी नारायण ज्वेलर्स फर्म में आयकर विभाग ने दबिश दी है। आयकर विभाग की टीम संबंधित फर्मों पर सुबह करीब 11 बजे दबिश दी। इसके बाद से दस्तावेजों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई के लिए आयकर विभाग की टीम में बाहर के अधिकारी भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान टीम अधिकारी मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। हालांकि कुछ कर्मचारी नाम नहीं छापने की शर्त पर यह कह रहे है कि यह विभागीय सर्वे हैं। वहीं यह बताया जा रहा है कि विभाग की यह कार्रवाई देर रात तक पूरी नहीं हो सकी थी। ऐसे में यह विभागीय कार्रवाई शुक्रवार को भी चलेगी।

मौजूदा समय में विभाग ने यह कार्रवाई चार फर्मों में की है। यह संभावना जताई जा रही है कि विभाग की नजर में और भी कई व्यवसायी हैं, जिनके यहां दबिश दी जा सकती है। इससे पहले भी आयकर विभाग के द्वारा इस तरह की कार्रवाई शहर के कई अन्य फर्मों में की जा चुकी है।

## शराब बेचने से मना करने पर पंच की कर दी पिटाई, अपराध दर्ज




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बरमकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति को शराब बेचने से मना करना पंच को महंगा पड़ गया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पंच व उनके साथियों की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दीपक कुमार चौहान पिता नेतराम चौहान ग्राम डभरा में रह कर खेती-किसानी का काम करता है। वह गांव के वार्ड क्रमांक 6 का पंच भी है। दीपक को सूचना मिली थी कि गांव का अशोक सिदार महुआ शराब एवं देशी शराब की अवैध बिक्री करता है। ऐसे में दीपक ने उसे तीन दिन पहले शराब बेचने से मना किया था। इसके बाद 21 नवंबर को दीपक को फिर सूचना मिली कि अशोक शराब की बिक्री कर रहा है। इसके बाद उसी दिन शाम को 6.30 बजे गाव के सामुदायिक भवन के पास दीपक को अशोक सिदार मिल गया।

इस पर दीपक ने फिर से उसे समझाते हुए शराब बेचने से मना किया। इस पर अशोक भड़क गया और मैं क्यों शराब नहीं बेचुंगा कहते हुए दीपक से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। जब दीपक व उसके साथियों ने अशोक का विरोध किया तो वह डंडा लेकर दीपक की पिटाई करने लगा।

## तेलीबांधा में तेज रफ्तार ट्रक व कार ने दो को मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर कार से टकरा जाने से कार चला रहा युवक घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रसांत अनुरागी 30 वर्ष पिता जानकी प्रसाद अनुरागी निवासी शारदा विहार माना कैम्प ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तेलीबांधा रिंग रोड सिग्नल के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेई/5000 का चालक ने ट्रक को तेज लापरवाही पूर्वक चलाकर होण्डा सिटी कार क्रमांक एमपी 07-सीएफ/2565 को टक्कर से कार चालक घायल हो गया। तेलीबांधा क्षेत्र में एक्सीडेन्ट के मामले में लोकेश कुमार चौधरी 24 वर्ष पिता दिलीप कुमार चौधरी निवासी मोवा पण्डरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि तेलीबांधा मेग्नेटो माल सामने कार क्रमांक सीजी 04-एचडी/4722 का चालक ने तेज लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटरसाईकिल फैशन प्रो.क्रमांक सीजी 04-एमके/3988 से जाते समय टक्कर मार दिया।

## कस्टम मिलिंग का पंजीयन नहीं कराने वाले राइस मिल की बिजली होगी गुल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खाद्य विभाग ने राइस मिलर्स की मनमर्जी पर नकेल कसने की पूरी तैयारी कर लिया है। जिन राइस मिलर्स ने निर्देश के बाद भी अब तक कस्टम मिलिंग का पंजीयन नहीं कराया है। खाद्य विभाग उन सभी मिल का बिजली का कनेक्शन काटने की कार्रवाई करने जा रहा है। विभाह ने आदेश जारी किया है कि कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन नहीं कराने वाले राइस मिलरों के यहां का बिजली कनेक्शन काट दिया जाए। इस आदेश का पालन करने के लिए खाद्य विभाग ने आदेश की कॉपी बिजली विभाग के अधिकारियों को भी भेजी है। राइस मिलर्स भी अलर्ट हो जाए इसके लिए उन्हें भी नोटिस के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई है।

जिले में इस समय 117 राइस मिल संचालित हैं, जिसमें 100 अरवा व 17 उसना मिलें हैं। इसमें अब तक 10 लोगों ने पंजीयन नहीं कराया है। कस्टम मिलिंग में पंजीयन नहीं कराने वाले राइस मिलरों में जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश पुरुषोत्तम अग्रवाल की मिल भी शामिल है।खरीदी शुरू होने के बाद भी कस्टम मीलिंग के लिए पंजीयन न कराने वाले जिले के 10 राइसमिलरों को खाद्य विभाग ने नोटिस जारी कर अल्टीमेटम दिया था कि वे पंजीयन कराएं। इसके लिए उन्हें तीन दिन का समय भी दिया गया था, लेकिन राइस मिलर ने निर्धारित अवधि में न तो पंजीयन कराया और न ही नोटिस में मिले तीन दिन के अतिरिक्त समय में पंजीयन कराया। बताया जा रहा है कि पंजीयन कराना तो दूर संबंधित 10 राइस मिलरों ने उक्त नोटिस का जवाब भी नहीं दिया। हालांकि विभाग फिर भी इस इंतजार में रही कि उक्त राइस मिलर आएंगे और कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराएंगे, लेकिन नहीं आए। ऐसे में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित राइस मिलरों के यहां से बिजली कनेक्शन काटने का आदेश जारी किया है।


**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090








स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931